सी.पी.एम.टी.–2010 से संबंधित मुख्य तिथियाँ

1.	आवेदन–पत्र के विक्रय की प्रारंभ तिथि	बुधवार	**03 मार्च, 2010**
2.	आवेदन–पत्र के विक्रय की अंतिम तिथि	बुधवार	**31 मार्च, 2010 (दोपहर 1:00 बजे तक)**
3.	पूर्णतया भरा आवेदन–पत्र प्राप्त होने की अंतिम तिथि	बुधवार	**07 अप्रैल, 2010 (सायं 4:00 बजे तक)**
4.	प्रवेश पत्र भेजे जाने की अंतिम तिथि	शनिवार	**08 मई, 2010**
5.	डुप्लिकेट प्रवेश पत्र मिलने की तिथि	**13 मई, 2010 (गुरूवार) से 19 मई, 2010 (बुधवार) तक केवल छत्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय, कानपुर में (इस हेतु अभ्यर्थी को स्वयं उपस्थित होना होगा)**	
6.	परीक्षा तिथि	शुक्रवार	**21 मई, 2010**
7.	परीक्षा परिणाम घोषित करने की तिथि	मंगलवार	**15 जून, 2010**
8.	स्क्रूटनी के आवेदन की अंतिम तिथि	मंगलवार	**22 जून, 2010**
9.	विकलांगता प्रमाण पत्र प्राप्त करने हेतु मेडिकल बोर्ड के समक्ष उपस्थित होने की तिथि	शनिवार	**26 जून, 2010**
10.	प्रथम काउन्सिलिंग	13 जुलाई, 2010 से 17 जुलाई, 2010	
11.	द्वितीय काउन्सिलिंग	25 अगस्त, 2010 से 28 अगस्त, 2010	
12.	प्रवेश की अन्तिम तिथि	30 सितम्बर, 2010	

Important Tips

- Designated counters of BANK'S will supply the INFORMATION BROCHURE in cash, costing:
  Rs.800/-+50/- (online counseling charges) + 20/- (Postal Charges) for General & OBC Candidates.
  Rs.400/- +50/- (online counseling charges) + 20/- (Postal Charges) for SC/ST Candidates.
- The brochure includes an **application form which is in the form of an OMR sheet.**
- The Brochure should be thoroughly studied, before filling the Application Form.
- The Application Form is to be filled up on the basis of the information contained in the Brochure.
- The candidate must ensure his/her eligibility to appear in the CPMT-2010 on his/her own and shall be personally responsible for the same. The examining body shall not be responsible for this verification.
- The OMR sheet is to be filled with utmost care with dark blue or black Ball Point Pen (Do not use Felt/Sketch pen). There should not be any overwriting or cutting.
- The duly filled OMR Application Form (placed in the provided envelope without folding) is to be submitted by the Registered/Speed Post, to "The Chairman, C.P.M.T.-2010, CSJM University, Kalyanpur, Kanpur-208024. U.P."
- Write OMR Serial Number on the envelope along with your address with PIN Code and Phone number.
- The application form after scrutiny shall be processed and applicant shall receive admit card which will allow him/her to appear in the Entrance Test.
- Appropriate information regarding center shall be mentioned on the admit card. For further details contact on :
  Telephone : 0512-2570724, 2570301 Fax : 0512-2574720, Website : www.kanpuruniversity.org

Incomplete and Fake application forms shall be rejected.

विशेष सूचना (IMPORTANT NOTICE)

- कोई भी अभ्यर्थी निर्धारित बैंक शाखाओं के अलावा कहीं से भी आवेदन पत्र व ब्रोशर न खरीदे । अभ्यर्थियों को उनके हित में यह सलाह दी जाती है कि बैंक से ही निर्धारित शुल्क देकर सही एवं सत्य आवेदन–पत्र प्राप्त करें । जाली आवेदन–पत्र अथवा अपूर्ण आवेदन–पत्र स्वीकार नहीं किये जायेंगे और छत्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय, कल्यानपुर, कानपुर इस कारण से हुई किसी भी अभ्यर्थी की आर्थिक या अन्य प्रकार की किसी भी हानि के लिए उत्तरदायी नहीं होगा ।
- सी.पी.एम.टी.–2010 का भरा हुआ आवेदन चेयरमैन सी.पी.एम.टी.–2010, छत्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय, कानपुर को स्पीड–पोस्ट/पंजीकृत डाक से ही भेजें । कूरियर अथवा व्यक्तिगत रूप से जमा करना वर्जित है ।
- यह स्पष्ट किया जाता है कि चेयरमैन सी.पी.एम.टी.–2010 के द्वारा केवल सी.पी.एम.टी.–2010 की परीक्षा का आयोजन और इसका परिणाम घोषित किया जायेगा । प्रवेश/कालेज आवंटन काउंसिलिंग बोर्ड के चेयरमैन जो महानिदेशक, चिकित्सा शिक्षा एवं प्रशिक्षण, उत्तर प्रदेश, लखनऊ हैं, के द्वारा किया जायेगा ।

आवेदन कैसे करें एवं महत्वपूर्ण निर्देश

(How To Apply and Important Instructions)

आवश्यक निर्देश :

1. सी.पी.एम.टी.–2010 की सूचना पुस्तिका बैंक की निर्धारित शाखाओं से प्राप्त की जा सकती है । सामान्य वर्ग एवं अन्य पिछड़ा वर्ग के लिए पुस्तिका का मूल्य रू.800/– + रू.50/– (आनलाइन काउंसिलिंग) + रू.20/–(डाक व्यय) होगा । अनुसूचित जाति/जनजाति के लिए पुस्तिका का मूल्य रू.400/– +50/–(आनलाइन काउंसिलिंग) + रू.20/–(डाक व्यय) होगा ।
2. पुस्तिका में ओ.एम.आर. शीट के रूप में आवेदन–पत्र भी संलग्न है ।
3. पुस्तिका में दिये गये निर्देशों/सूचनाओं को ध्यानपूर्वक पढ़ें ।
4. आवेदन पत्र को पुस्तिका में दिये गये निर्देशों/सूचनाओं के आधार पर ही भरें ।
5. अभ्यर्थी को आवेदन करने से पहले परीक्षा में बैठने की अपनी अर्हता का आंकलन स्वयं कर लेना चाहिये । इसके लिये अभ्यर्थी स्वयं उत्तरदायी होगा एवं परीक्षक संस्था किसी भी रूप से उत्तरदायी नहीं होगी ।
6. ओ.एम.आर. शीट अत्यन्त सावधानीपूर्वक भरें । इसे भरने के लिए काली या नीली स्याही के **बॉल–प्वाइंट पेन** का ही प्रयोग करें । इसमें कोई ओवरराइटिंग अथवा कटिंग न करें । **फेल्ट/स्केच पेन तथा पेंसिल का प्रयोग न करें ।**
7. आवेदन–पत्र प्रारूप ओ.एम.आर. (O.M.R.) पत्र पर है अतः इसको पूर्णतः त्रुटिहीन भरना आवश्यक है । आवेदन–पत्र जमा होने के पश्चात इसमें संशोधन संभव नहीं है । **पहले आवेदन पत्र की फोटो प्रतिलिपि बनाकर उस पर अभ्यास कर लें । निशान लगाने के बाद उसे बदलना असंभव है । मिटाकर बदलने का प्रयास भी न करें ।**
8. **आवेदन–पत्र में कोई सूचना गलत पाये जाने पर अथवा फर्जी प्रमाण–पत्र के आधार पर प्रवेश पाये जाने पर अभ्यर्थी का आवेदन/प्रवेश निरस्त कर दिया जायेगा ।**
9. **आवेदन–पत्र के साथ कोई भी अभिलेख संलग्न नहीं करने हैं ।**
10. श्रेणी/उपश्रेणी में परिवर्तन संबंधित कोई भी आवेदन स्वीकार नहीं किया जायेगा ।
11. भविष्य में पत्र–व्यवहार में ओ.एम.आर.(O.M.R.) आवेदन पत्र के क्रमांक का उल्लेख अवश्य करें । पूर्णतया भरे हुए आवेदन–पत्र की एक फोटो प्रतिलिपि अपने पास भविष्य में प्रयोग के लिए अवश्य रख लें ।
12. पूर्णतया भरी ओ.एम.आर. शीट को बिना मोड़े लिफाफे के अन्दर रखकर रजिस्टर्ड/स्पीटपोस्ट से ''चेयरमैन सी.पी.एम.टी.–2010, छत्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय, कल्यानपुर, कानपुर–208024'' को प्रेषित करें **(कूरियर द्वारा न भेजें)** ।
13. लिफाफे पर अपने पते के साथ ओ.एम.आर. शीट का क्रमांक भी अंकित करें ।
14. आवेदन पत्र की जांच के बाद आपको रोल–नम्बर सहित प्रवेश पत्र भेज दिया जायेगा जिसके आधार पर आपको प्रवेश–परीक्षा में सम्मिलित होने की अनुमति दी जायेगी ।
15. परीक्षा केन्द्र के विषय में समुचित सूचना प्रवेश पत्र पर अंकित होगी ।
16. अधिक जानकारी हेतु निम्नांकित दूरभाष/वेबसाइट पर सम्पर्क कर सकते हैं ।

Telephone	: 0512-2570724, 2570301
Fax	: 0512-2574720
Website	: www.kanpuruniversity.org

17. अभ्यर्थियों को सलाह दी जाती है कि वे परीक्षा शुरू होने से 90 मिनट पहले परीक्षा कक्ष में आयें ताकि O.M.R. Answer Sheet पर वांछित विवरण ठीक से भर सकें एवं अन्य सुरक्षा व्यवस्था के लिए समुचित समय मिल सके। इसके लिए अलग से समय नहीं दिया जायेगा ।
18. आवेदन–पत्र में केवल रंगीन फोटोग्राफ चिपकाने के लिए फोटोग्राफ खिचवाते समय एक छोटे कार्ड पर अपना नाम तथा फोटो खिंचवाने वाले दिन की तारीख लिखकर अपने सीने के पास अवश्य रखें ताकि वह सीने के पास फोटो में स्पष्ट रूप से अवश्य छपे । फोटो का साइज 45×35 mm तथा चेहरे का साइज 28 mm कैमरे को देखते हुए सफेद बैक ग्राउण्ड, बिना काले चश्में, टोपी के एवं बिना हस्ताक्षर के होना चाहिए । फोटो 1 फरवरी, 2010 से पहले का न हो एवं इसकी 10 प्रतियॉं बनवाकर रखें जो काउंसिलिंग, प्रवेश इत्यादि में काम आयेंगीं ।
19. सभी अभ्यर्थियों को अपने दॉंयें तथा बॉयें हाथ की तर्जनी (Index Finger) का निशान ओ.एम.आर. आवेदन पत्र के निर्धारित स्थान पर सैंपल में दर्शाये गये तरीके से अनिवार्य रूप से लगाना होगा । यह निशान धूमिल (Smudge) होने पर आवेदन पत्र निरस्त किया जा सकता है ।
20. अभ्यर्थी के आवेदन–पत्र के आधार पर प्रवेश परीक्षा में बैठने की अनुमति दे दी जायेगी । परंतु काउंसिलिंग के समय मूल प्रमाण–पत्र देखकर यह निर्धारित किया जायेगा कि उसके द्वारा आवेदित आरक्षित श्रेणी का लाभ उसे दिया जाये अथवा नहीं । इस विषय पर काउंसिलिंग बोर्ड का निर्णय अंतिम होगा । इस आधार पर कि उसे प्रवेश परीक्षा में बैठने की अनुमति दे दी गयी है, कोई भी अभ्यर्थी आरक्षण का लाभ पाने का पात्र नहीं होगा ।
21. यदि अभ्यर्थी काउंसिलिंग के समय उपयुक्त सभी मूल प्रमाण पत्र एवं स्वतः सत्यापित छायाप्रति प्रस्तुत नहीं करता है तो उसे उस काउंसिलिंग में कथित लाभ अनुमन्य नहीं होगा परंतु वह अगली काउंसिलिंग में वांछित प्रमाण–पत्र प्रस्तुत कर सकता है / भाग ले सकता है ।
22. यदि अभ्यर्थी प्रथम काउंसिलिंग में अनुपस्थित रहता है तब भी उसे आगे होने वाली काउंसिलिंग में भाग लेने की अनुमति बनी रहेगी । सभी अर्ह अभ्यर्थी काउंसिलिंग संबंधी सूचनाओं का अध्ययन कर वांछित प्रमाण–पत्र, अभिलेख एवं बैंक ड्राफ्ट के साथ काउंसिलिंग में व्यक्तिगत रूप से स्वयं को ही भाग लेना होगा ।
23. सभी अभ्यर्थियों को परीक्षा केन्द्र में आवेदन–पत्र पर चिपकाये गये फोटोग्राफ के निगेटिव से बनवाये दो फोटोग्राफ लाना अनिवार्य है।
24. **अभ्यर्थी को सलाह दी जाती है कि आवेदन–पत्र अंतिम तिथि से पहले ही जमा कर दें ।**
25. प्रत्येक अभ्यर्थी केवल एक ही आवेदन–पत्र जमा करे ।
26. विश्वविद्यालय की वेब साइट www.kanpuruniversity.org पर सभी संबंधित एवं आवश्यक जानकारी प्राप्त की जा सकती है ।
27. अभ्यर्थी अपना प्रवेश–पत्र सुरक्षित रखें । प्रवेश–पत्र न होने की दशा में परीक्षा/काउन्सिलिंग में भाग लेने के अधिकारी न होंगे ।

IMPORTANT WEBSITES

Chhatrapati Shahu Ji Maharaj University, Kalyanpur Kanpur	:	www.kanpuruniversity.org
Director General Medical Education	:	www.upcpmt.nic.in
Medical Council of India	:	www.mciindia.org
Dental Council of India	:	www.dciindia.org

विषय सूची

मद सं.	मद का नाम		पृष्ठ संख्या
1.	सामान्य सूचनाएं	....	4
2.	परीक्षा कार्यक्रम	....	5
3.	अर्हताएं	....	5–6
4.	आरक्षण	....	7–8
5.	प्रवेश–पत्र	....	8
6.	अनुचित साधन	....	9
7.	चयन एवं काउंसिलिंग	....	9–10
8.	कॉलेजों की सूची/पाठ्यक्रम एवं सीट संख्या	....	11
9.	प्रवेश परीक्षा पाठ्यक्रम	....	12–25
10.	प्रमाण–पत्रों के प्रारूप	....	26–31
11.	आरक्षण श्रेणियों के कोड	....	32
12.	O.M.R. शीट संबंधित निर्देश	....	33–34
13.	आवेदन–पत्र का प्रारूप	....	35–36

महत्वपूर्ण सूचना

1. यह विवरण पुस्तिका उत्तर प्रदेश शासनादेश सं. 5570/71–3–09–144/09 दिनांक 15 दिसम्बर, 2009 तथा तत्सम्बन्धी संशोधन शासनादेश सं. 541/71–3–09–144/09 दिनांक 09 फरवरी, 2010 के अनुसार बनाई गई है । विवरण पुस्तिका तथा शासनादेश में विसंगति की स्थिति में शासनादेश ही मान्य होगा ।
2. शासन को आवश्यकता पड़ने पर किसी भी समय आदेशों को संशोधित करने का अधिकार है, तथा प्रत्येक पाठ्यक्रम की सीटों–कालेज में किसी भी समय कोई भी संशोधन करने का भी अधिकार रहेगा ।
3. सी.पी.एम.टी.–2010 परीक्षा से संबंधित समस्त विधिक विवाद उत्तर प्रदेश उच्च न्यायालय के क्षेत्राधिकार में ही होंगे।
4. प्रत्येक अभ्यर्थी को यह स्पष्ट रूप से सूचित किया जाता है कि सी.पी.एम.टी.–2010 के आयोजन में परीक्षा एवं परीक्षाफल घोषित किये जाने तक का कार्य छत्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय, कानपुर द्वारा संपन्न कराया जायेगा। इस विषय में किसी भी सूचना हेतु निम्नलिखित पते पर संपर्क स्थापित करें।

चेयरमैन,
सी.पी.एम.टी.–2010,
छत्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय,
कल्यानपुर, कानपुर–208024(उत्तर प्रदेश)

5. मेरिट सूची में आये छात्रों को विभिन्न अर्ह श्रेणी में उपलब्ध सीटों पर आवंटन शासन द्वारा गठित काउंसिलिंग बोर्ड के द्वारा काउंसिलिंग के माध्यम से किया जायेगा।
6. छत्रपति शाहूजी महाराज विश्वविद्यालय, कानपुर द्वारा सी.पी.एम.टी.–2010 के लिए कोई भी कोचिंग संस्थान नहीं चलाया जाता है, और न ही ऐसे किसी संस्थान से उसका कोई संबंध है।
7. कॉलेजों के नाम, सीटों की संख्या, आरक्षण नीति तथा नियम इत्यादि, महानिदेशक चिकित्सा शिक्षा, उ.प्र. तथा उत्तर प्रदेश शासन द्वारा निर्धारित की गयी हैं। इसके लिये परीक्षक संस्था (CSJM University) का कोई दायित्व नहीं है।

चेतावनी : आवेदन पत्र, नोटीफिकेशन की सूची में अंकित बैंक की शाखाओं से ही प्राप्त करें। आवेदन पत्र जाली अथवा छाया प्रति पाये जाने पर तुरंत निरस्त कर दिया जायेगा।

1. कम्बाइंड प्री मेडिकल टेस्ट–2010 (सी.पी.एम.टी.–2010) के संदर्भ में सामान्य सूचना
(General Information related to Combined Pre-Medical Test-2010)

(क) सी.पी.एम.टी.–2010 का आयोजन निम्नलिखित पाठ्यक्रमों में शैक्षिक सत्र 2010–2011 के प्रथम वर्ष में प्रवेश हेतु किया जायेगा।

1. एम.बी.बी.एस. 2. बी.डी.एस. 3. बी.एच.एम.एस. 4. बी.ए.एम.एस. 5. बी.यू.एम.एस.

(ख) सी.पी.एम.टी.–2010 में एक ही प्रश्नपत्र होगा जिसमें चार विषयों (रसायनविज्ञान, भौतिकविज्ञान, जन्तुविज्ञान, वनस्पतिविज्ञान) पर आधारित प्रश्न होंगे तथा परीक्षा एक ही दिन (शुक्रवार 21 मई, 2010) को निम्न कार्यक्रमानुसार होगीः

एक प्रश्नपत्र	:	**रसायनविज्ञान, भौतिकविज्ञान, जन्तुविज्ञान, वनस्पतिविज्ञान पर आधारित**
परीक्षा तिथि	:	**21 मई, 2010, शुक्रवार**
समय	:	**प्रातः 10.00 बजे से 01.00 बजे अपरान्ह तक**

प्रत्येक विषय के 50 प्रश्न होंगे तथा प्रत्येक प्रश्न 1 अंक का होगा अर्थात प्रश्नपत्र अधिकतम 200 अंकों का होगा। प्रश्न इंटरमीडिएट (10 + 2) स्तर के होंगे (पाठ्यक्रम विवरणिका में संलग्न है)।

(ग) चयनित अभ्यर्थियों को हिंदी विषय का एक प्रश्नपत्र जो हाईस्कूल स्तर के सामान्य ज्ञान पर आधारित होगा, उत्तीर्ण करना आवश्यक है। इस परीक्षा को उत्तीर्ण किये बिना चयनित अभ्यर्थी डिग्री के लिए अर्ह नहीं होंगे। यह परीक्षा बाद में शासनादेश संख्या4171/71–3–07–52/2007 दिनांक 14 नवम्बर 2007 की व्यवस्था के अनुसार होगी।

(घ) सभी विषयों के प्रश्न वस्तुनिष्ठ (Objective Type) होंगे तथा निगेटिव मार्किंग नहीं होगी।

(ङ) विभिन्न पाठ्यक्रमों के लिए आवश्यक अर्हताएं मद संख्या 3 में दी गयी हैं।

(च) सी.पी.एम.टी.–2010 के परीक्षक मंडल द्वारा प्रश्नपत्रों के निर्धारित उत्तर व परीक्षाफल अंतिम रूप से मान्य होंगे। उत्तर पुस्तिका का मूल्यांकन केवल Computer द्वारा ही होगा। किसी भी स्थिति में उत्तर पुस्तिकाओं का पुनः मूल्यांकन (Re-evalution) नहीं किया जायेगा। परंतु पुनर्रीक्षण (Scrutiny) का प्रावधान है। विश्वविद्यालय द्वारा किसी भी O.M.R. Sheet की छायाप्रति उपलब्ध नहीं कराई जायेगी।

(छ) प्रश्न पत्र के उत्तर के लिये परीक्षा प्रारम्भ होने के उपरान्त पूरा 3 घण्टे का समय दिया जायेगा।

(ज) परीक्षा समाप्त होने पर प्रश्न पत्र परीक्षा कक्ष में ही छोड़ कर जाना होगा।

(झ) परीक्षा समाप्त होने के बाद शीघ्र ही प्रश्न पत्र के सही उत्तर (Key) समाचार पत्रों में प्रकाशित किये जायेंगे।

(ञ) माननीय उच्च न्यायालय, इलाहाबाद, (लखनऊ बैंच) द्वारा सी.पी.एम.टी. के संबंध में पारित आदेशों का अनुपालन माननीय उच्चतम न्यायालय में दायर रिट याचिका संख्या 418/एम./बी. ऑफ 1998 के विरुद्ध अनुज्ञा याचिका में पारित आदेश के अधीन होगा।

2. परीक्षा कार्यक्रम (Examination Schedule)

सी.पी.एम.टी.–2010 का कार्यक्रम

परीक्षा तिथि : 21 मई, 2010 (शुक्रवार)

समय	प्रश्नपत्र
प्रातः : 10.00 बजे से 01.00 बजे अपरान्ह तक	Only One Paper contaning Questions of Zoology (जंतुविज्ञान), Botany (वनस्पतिविज्ञान), Chemistry (रसायनविज्ञान) एवं Physics (भौतिक विज्ञान)
टिप्पणी :	
1. परीक्षा कार्यक्रम अपरिवर्तनीय है, चाहे उपर्युक्त तिथि को सार्वजनिक अवकाश ही क्यों न घोषित हो जाये।	4. सभी अभ्यर्थी परीक्षा के लिए समय से 90 मिनट पूर्व परीक्षा केन्द्र पर स्थान ग्रहण करें तथा उत्तरपुस्तिका में आवश्यक सूचनाएं प्रश्न–पत्र शुरू होने से पूर्व भर लें। इसके लिए अतिरिक्त समय नहीं दिया जायेगा।
2. परीक्षा स्थल पर कैलकुलेटर, लॉगटेबल, डिजिटल डायरी या किसी भी प्रकार का संचार उपकरण (सेल्युलर फोन आदि) लाना वर्जित है।	5. प्रश्न–पत्र पर लगी हुई सील केन्द्र अधीक्षक के आदेशानुसार ध्वनि संकेत पर कक्ष निरीक्षक द्वारा घोषणा किये जाने पर ही तोडें।
3. उपर्युक्त विषयों के पाठ्यक्रम (Syllabus) मद संख्या 9 में दिये गये हैं।	6. प्रश्न–पत्र में सम्मिलित प्रश्न, हिन्दी एवं अंग्रेजी भाषा में रचित होंगे ।

3. अर्हताएं (Eligibility)

(क) **अभ्यर्थी को उत्तर प्रदेश का मूल निवासी होना आवश्यक है।** उत्तर प्रदेश के मूल निवासी की परिभाषा मद संख्या 10 में **प्रमाण–पत्र 1** की टिप्पणी में दी गयी है। जिन अभ्यर्थियों ने हाईस्कूल एवं इन्टरमीडिएट अथवा समकक्ष दोनों परीक्षाएं उत्तर प्रदेश से उत्तीर्ण की हों, उन्हें उत्तर प्रदेश में निवास का प्रमाण पत्र आवश्यक नहीं होगा । यदि किसी अभ्यर्थी द्वारा हाईस्कूल एवं इण्टरमीडिएट अथवा समकक्ष दोनों, अथवा इन दो में से एक भी परीक्षा उत्तर प्रदेश राज्य के बाहर से उत्तीर्ण की हो तो उन्हें उत्तर प्रदेश के मूल निवासी होने का प्रमाणपत्र लाना आवश्यक होगा ।

(ख) **आयु सीमा**

प्रवेश परीक्षा में बैठने के लिए अभ्यर्थी का जन्म 31 दिसंबर 1993 को या उसके पूर्व हुआ हो।

(ग) **शैक्षिक अर्हता**

(i) अभ्यर्थी को किसी भारतीय विश्वविद्यालय/बोर्ड या अन्य मान्यता प्राप्त शिक्षण/परीक्षण संस्थान द्वारा संचालित इंटरमीडिएट (विज्ञान) या समकक्ष परीक्षा में भौतिकविज्ञान, रसायनविज्ञान, जीवविज्ञान (जिसमें प्रयोगात्मक परीक्षा भी शामिल होगी) तथा अंग्रेजी विषय सहित उत्तीर्ण होना आवश्यक है। एम.बी.बी.एस. तथा बी.डी.एस. पाठ्यक्रम में प्रवेश हेतु मेडिकल काउन्सिल आफ इण्डिया/डेण्टल काउंसिल ऑफ इण्डिया द्वारा निर्धारित अर्हताएं मान्य होंगी, जो कि निम्नवत है :–

(a) The Higher Secondary Examination or the Indian School Certificate Examination which is equivalent to 10+2 higher secondary examination after a period of 12 years study, the last two years of study comprising of Physics, Chemistry, Biology and Mathematics or any other elective subject with English at a level not less than the core course for English as prescribed by the National Council of Educational Research & Training after the introduction of the 10+2+3 years educational structure as recommended by the National Committee on Education;

Note : Where the course content is not as prescribed for 10+2 education structure of the National Committee, the candidates will have to undergo a period of one year pre-professional training before admission to the Medical/Dental/ Ayurvedic/Homoeopathic/Unani College.

or

(b) The intermediate examination in science of an Indian University, Board or other recognized examination body with Physics, Chemistry and Biology which shall include a practical test in these subjects and also English as a compulsory subject.

or

(c) The pre-professional/pre-medical examination with Physics, Chemistry and Biology, after passing either the higher secondary school examination or the pre-university of an equivalent examination shall include a practical test in Physics, Chemistry and Biology and also English as a compulsory subject.

or

(d) The first year of the three years degree course of a recognized university, with Physics, Chemistry and Biology including a practical test in these subjects provided the examination is a "University Examination" and candidate has passed 10+2 with English at a level not less than a core course.

or

(e) B.Sc. examination of an Indian University, provided that he/she has passed the B.Sc. examination with not less than two of the following subjects in Physics, Chemistry, Biology (Botany, Zoology) and further that he/she has passed the earlier qualifying examination with the following subjects- Physics, Chemistry, Biology and English.

or

(f) Any other examination which in scope and standard is found to be equivalent to the intermediate science examination of an Indian University/Board taking Physics, Chemistry and Biology including a practical test in each of these subjects and English.

(ii) संपूर्णानंद संस्कृत विश्वविद्यालय, वाराणसी से विज्ञान विषय सहित मध्यमा परीक्षा उत्तीर्ण अभ्यर्थी केवल बी.ए.एम.एस. पाठ्यक्रम में प्रवेश हेतु परीक्षा में सम्मिलित हो सकते हैं।

(iii) बी.यू.एम.एस. पाठ्यक्रम के अभ्यर्थियों को उपर्युक्त अर्हता (i) के अतिरिक्त कक्षा 10 के समकक्ष उर्दू विषय की परीक्षा में भी उत्तीर्ण होना आवश्यक होगा।

(iv) प्रवेश परीक्षा में सम्मिलित होने के लिए उन सभी अभ्यर्थियों को अनुमति प्रदान कर दी जायेगी जो अर्हकारी परीक्षा में 2010 में सम्मिलित हो रहे हों। अर्हकारी परीक्षा उत्तीर्ण होने का प्रमाण–पत्र अथवा/अंक तालिका काउंलिसिंग के समय प्रस्तुत करना होगा। अर्हकारी परीक्षा उत्तीर्ण करने का प्रमाण–पत्र अथवा अंक तालिका काउंसिलिंग के समय न प्रस्तुत करने की दशा में आवंटन नहीं किया जायेगा।

(v) एम.बी.बी.एस. तथा बी.डी.एस. पाठ्यक्रमों के लिए अनारक्षित अभ्यर्थियों को अर्हता परीक्षा में भौतिक विज्ञान, रसायन विज्ञान तथा जीव विज्ञान विषयों में औसत 50 प्रतिशत अंक प्राप्त करना आवश्यक है । इसके साथ ही सी.पी.एम.टी. परीक्षा में भी 50 प्रतिशत अंक भी प्राप्त करना अनिवार्य है । अनुसूचित जाति, अनुसूचित जन जाति तथा अन्य पिछड़ा वर्ग श्रेणी के विद्यार्थियों के लिए दोनों मानक 50 प्रतिशत के स्थान पर 40 प्रतिशत होंगे।

(vi) बी.एच.एम.एस., बी.ए.एम.एस. तथा बी.यू.एम.एस. पाठ्यक्रमों हेतु सी.पी.एम.टी.–2010 परीक्षा में न्यूनतम 35 प्रतिशत अंक प्राप्त करना आवश्यक है।

(vii) अभ्यर्थी कम्प्यूटरीकृत आवेदन–पत्र (Computerized OMR Application Form) में दी गई घोषणा (Declaration) 3 पर विशेष ध्यान दें। वे अभ्यर्थी जिन्होंने सी.पी.एम.टी.–2010 के पूर्ववर्ती वर्षों में सी.पी.एम.टी. के माध्यम से किसी पाठ्यक्रम में प्रवेश लिया था और प्रवेश प्राप्त करने के 90 दिन के अन्दर अपनी सीट नहीं त्यागी थी, सी.पी.एम.टी.–2010 में सम्मिलित होने के लिए अर्ह नहीं है।

वे अभ्यर्थी जिन्होंने 90 दिन के अन्दर अपनी सीट त्याग दी थी उनके लिए निम्नलिखित घोषणा पत्र अपने पूर्व में किये गये हस्ताक्षर सहित आवेदन–पत्र के साथ भेजना अनिवार्य है। इसे O.M.R. शीट के साथ नत्थी न करें।

मै .... पुत्र/पुत्री ....

घोषणा करता/करती हूँ कि मेरा चयन सी.पी.एम.टी (वर्ष) .... के माध्यम से (पाठ्यक्रम) ....

के लिए (कॉलेज) .... में हुआ था परतु सी.पी.एम.टी.–2010 में सम्मिलित हाने के लिए मैनें (दिनांक) .... (90 दिन के अन्दर) त्याग–पत्र अपने कॉलेज के प्रधानाचार्य को दे दिया था तथा इसकी सूचना (दिनांक) .... को महानिदेशक, चिकित्सा शिक्षा एव प्रशिक्षण, जवाहर भवन, अशोक मार्ग, लखनऊ–226001 उत्तर प्रदेश को दे दी थी तथा तब से मैं अध्ययनरत नहीं हूं। इसके समर्थन में संबंधित प्रधानाचार्य द्वारा त्यागपत्र स्वीकार कर नाम काटने का प्रमाणपत्र मैं काउंसिलिंग के समय प्रस्तुत करूंगा/करूंगी।

स्थान...

O.M.R. आवेदन पत्र का क्रमांक

दिनांक.. अभ्यर्थी का पूर्ण हस्ताक्षर

4. आरक्षण (Reservation)

(अ) सी.पी.एम.टी.–2010 की प्रवेश परीक्षा के माध्यम से भरी जानेवाली प्रत्येक मेडिकल कालेज में उपलब्ध प्रत्येक पाठ्यक्रम की कुल सीटों पर निम्नवत ''वर्टिकल'' आरक्षण प्रदान किया जायेगाः

1.	अनुसूचित जाति के अभ्यर्थी	21%
2.	अनुसूचित जन जाति के अभ्यर्थी	02%
3.	अन्य पिछड़े वर्गों के अभ्यर्थी	27%

अन्य पिछड़ा वर्ग का तात्पर्य विधायी अनुभाग की अधिसूचना सं. 1576/17–वि.1–1(क)11–2002 दिनांक 31 अगस्त, 2002 द्वारा अधिसूचित उ.प्र. अधिनियम सं. 1/2002 की ''अनुसूची–एक'' में इंगित वर्गों से है। पिछड़े वर्ग के वह अभ्यर्थी जो उक्त अधिनियम 1994 की ''अनुसूची–दो'' अधिसूचना संख्या 22/16/12–का 2/1995 टी.सी. दिनांक 8–12–1995 द्वारा यथा संशोधित से आच्छादित न हो उनके पुत्र/पुत्री को उक्त आरक्षण अनुमन्य होगा एवं विधायी अनुभाग–1 की अधिसूचना संख्या–1576/सत्रह– वि–1(क)–11/2002 दिनांक 31 अगस्त, 2002 द्वारा अधिसूचित उ.प्र. अधिनियम संख्या–1 सन् 2002 भी प्रभावी होगा।

सामान्य वर्ग के अभ्यर्थियों के साथ यदि उपरिलिखित कोई आरक्षित वर्ग का अभ्यर्थी योग्यता के आधार पर चयनित होता है तो उसे आरक्षित सीटों में समायोजित नहीं किया जायेगा, जैसाकि इस संबंध में शासनादेश पूर्व में निर्गत किया जा चुका है। अतः उपरोक्त प्रस्तर–अ में उल्लिखित वर्ग की सीटों को भरने से पहले योग्यता के आधार पर 50 प्रतिशत सामान्य सीटों को भरा जायेगा।

(ब) सी.पी.एम.टी.–2010 में विभिन्न श्रेणी के अभ्यर्थियों के लिए निम्नवत् ''हॉरिजान्टल'' आरक्षण प्रदान किया जायेगा तथा सभी पाठ्यक्रमों में भरी जाने वाली प्रत्येक कालेज की कुल सीटों पर शारीरिक रूपसे विकलांगों, स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के आश्रितों तथा भूतपूर्व सैनिक (युद्ध में अपंग/सेवानिवृत्त/शहीद) के पुत्र/पुत्रियों, नियमानुसार महिला अभ्यर्थियों तथा बी. ग्रेडिंग सहित 'सी' सर्टिफिकेटधारी एन.सी.सी. कैडेटों को निम्नवत् ''हॉरिजॉटल'' आरक्षण प्रदान किया जायेगा–

1.	स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के आश्रितों के लिए	02%
2.	भूतपूर्व सैनिक (युद्ध में अपंग/ सेवा निवृत्त/शहीद) के पुत्र/पुत्री के लिए	02%
3.	विकलांग अभ्यर्थियों के लिए	03%
4.	महिला अभ्यर्थियों के लिए	20%
5.	'बी' ग्रेडिंग सहित 'सी' सर्टिफिकेट एन.सी.सी. कैडेट	01%

यह आरक्षण हॉरिजॉटल प्रकृति का होगा और उपर्युक्त प्रत्येक श्रेणी में योग्यता के आधार पर चयनित अभ्यर्थियों को अनुसूचित जाति–अनुसूचित जनजाति/अन्य पिछड़े वर्ग/सामान्य श्रेणियों में से उस श्रेणी में रखा जायेगा जिससे वह संबंधित हैं। उदाहरणार्थ यदि स्वतंत्रता संग्राम सेनानी के वास्तविक आश्रितों को प्रदत्त आरक्षण के अंतर्गत चयनित कोई अभ्यर्थी अनुसूचित जाति का है, तो उसे अनुसूचित जाति के लिए आरक्षित सीटों में समायोजित किया जायेगा। इसी प्रकार यदि विकलांग अभ्यर्थियों को प्रदत्त आरक्षण के अन्तर्गत चयनित कोई अभ्यर्थी अन्य पिछड़े वर्ग या सामान्य श्रेणी का है, तो उसे अन्य पिछड़े वर्ग या सामान्य श्रेणी के लिए आरक्षित सीटों में समायोजित किया जायेगा। इसी प्रकार यदि स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के आश्रितों/भूतपूर्व सैनिकों के पुत्र, पुत्री/ विकलांग/महिला अभ्यर्थी इन उपश्रेणियों की अनारक्षित (ओपेन मेरिट) है तो अनारक्षित (ओपेन मेरिट) में रखा जायेगा। विकलांग अभ्यर्थियों की विकलांगता इस सीमा तक न हो कि चिकित्सा शिक्षा में बाधक हो। स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के आश्रितों, भूतपूर्व सैनिक (युद्ध में अपंग/सेवानिवृत्त/ शहीद) के पुत्र/पुत्रियों, विकलांग श्रेणी एवं 'बी' ग्रेडिंग सहित ''सी'' सर्टिफिकेट धारी एन.सी.सी. कैडेटों के जो अभ्यर्थी इन उपश्रेणियों में आवेदन करेंगे, वह इसी उपश्रेणी की आरक्षित सीट के विरुद्ध समायोजित किये जायेंगे।

आरक्षित श्रेणियों की सीटों के संबंध में निम्नलिखित शर्तों का पालन किया जायेगा :

(क) अनुसूचित जनजाति के अर्ह अभ्यर्थी पूरी संख्या में उपलब्ध न होने पर इन आरक्षित सीटों को अनुसूचित जाति के अभ्यर्थियों के द्वारा भरा जायेगा।

(ख) प्रत्येक श्रेणी के अभ्यर्थी को अपने आवेदन–पत्र में निर्धारित स्थान पर संगत श्रेणी तथा उपश्रेणी जिसके अंतर्गत वह सी.पी.एम.टी.–2010 हेतु अभ्यर्थन कर रहा है, स्पष्ट रूप से इंगित करनी होगी। श्रेणियों का विवरण तथा कोड बिन्दु 11, O.M.R. शीट संबंधी निर्देश के अन्तर्गत पेज 31/32 पर दिये गये हैं। किसी अस्पष्टता अथवा प्रमाण–पत्र के निर्धारित प्रपत्र पर न होने की स्थिति में उसे सामान्य श्रेणी का अभ्यर्थी माना जायेगा तथा उसकी श्रेणी को किसी भी दशा में परिवर्तित नही किया जायगा।

(ग) सामान्य वर्ग के अभ्यर्थियों के साथ यदि अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति एवं अन्य पिछड़े वर्ग का अभ्यर्थी योग्यता के आधार पर चयनित होता है, तो उसे आरक्षित सीटों में समायोजित नहीं किया जायेगा। किंतु ऐसे अभ्यर्थियों के लिए 3ग के प्राविधान लागू होंगे। अभ्यर्थी जो सामान्य श्रेणी के अभ्यर्थियों के समकक्ष मेरिट के आधार पर प्रवेश पायेंगे उन्हें उपर्युक्त आरक्षित सीटों की गणना में शामिल नहीं किया जायेगा।

(घ) अन्य पिछड़े वर्ग की श्रेणी के अंतर्गत प्रवेश के इच्छुक अभ्यर्थियों को मद संख्या 10 के **प्रमाण–पत्र संख्या 2** पर शासन द्वारा निर्धारित प्रमाण–पत्र प्रस्तुत करना अनिवार्य है। यदि ऐसे अन्य पिछड़े वर्ग के अंतर्गत आरक्षण के लाभ के इच्छुक अभ्यर्थी निर्धारित प्रमाण–पत्र प्रारूप–2 के अन्तर्गत प्रस्तुत नहीं करते हैं तो उन्हें सामान्य श्रेणी का अभ्यर्थी माना जायेगा।

(ड.) विकलांग अभ्यर्थियों को आरक्षित सीटों पर एम.बी.बी.एस./बी.डी.एस/बी.एच.एम.एस./बी.ए.एम.एस/बी.यू.एम.एस. पाठयक्रमों में प्रवेश परीक्षा में सम्मिलित होने के लिये अभ्यर्थियों को अपनी चिकित्सा परीक्षा मेडिकल विश्वविद्यालय में गठित विशेष मेडिकल बोर्ड से करानी होगी और उक्त बोर्ड द्वारा इस श्रेणी को आरक्षित सीट के

समक्ष उसके अभ्यर्थन के संबंध में दिया गया निर्णय अन्तिम रूप से मान्य होगा। उक्त विशेष बोर्ड के गठन के संबंध में आवश्यक आदेश महानिदेशक, चिकित्सा शिक्षा उत्तर प्रदेश द्वारा अलग से जारी किये जायेंगे। मेडिकल बोर्ड लिखित परीक्षा का परिणाम घोषित होने के पश्चात काउसिलिंग के पहले दिनांक 26/06/2010 को प्रत्येक राजकीय मेडिकल कालेज में बैठेगा। मेडिकल बोर्ड के समक्ष केवल उन्हीं अभ्यर्थियों को उपस्थित होना होगा जो लिखित परीक्षा की मेरिट के आधार पर विकलांग श्रेणी में अर्ह घोषित किये जायेंगे। केवल महानिदेशक, चिकित्सा शिक्षा उ.प्र. द्वारा गठित मेडिकल बोर्ड द्वारा दिया गया निर्धारित प्रारूप के **प्रमाण–पत्र–3** पर दिया गया प्रमाण पत्र ही मान्य होगा । बोर्ड की राय में यदि किसी अभ्यर्थी की विकलांगता एम.सी. आई. द्वारा निर्धारित मानकों के अनुरूप नहीं है तो ऐसे अभ्यर्थी सी.पी.एम.टी. के किसी भी पाठ्यक्रम में अर्ह नहीं होंगे।

(च) अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/अन्य पिछड़ा वर्ग/स्वतंत्रता संग्राम सेनानी के वास्तविक आश्रित और भूतपूर्व सैनिक (युद्ध में अपंग/सेवानिवृत्त/शहीद) के पुत्र/पुत्रियों तथा बी.ग्रेडिंग सहित "सी" सर्टिफिकेटधारी एन.सी.सी. कैडेट की श्रेणी के आरक्षित अभ्यर्थियों के लिये संगत श्रेणी के अभ्यर्थी होने के संबंध में शासनादेशों के साथ संलग्न प्रारूप पर दिये गये प्रमाण–पत्र ही मान्य होंगे। अनुसूचित जाति तथा जन जाति के जाति प्रमाण–पत्र का निर्धारित प्रारूप प्रमाण–पत्र–4 है। अन्य राज्य/संघ शासित क्षेत्र से उत्तर प्रदेश में प्रवासित होकर आये अनुसूचित जाति अथवा अनुसूचित जनजाति के अभ्यर्थी द्वारा अपने दावे के समर्थन में **प्रमाण–पत्र–5** पर प्रस्तुत करना होगा। यह प्रमाण–पत्र उत्तर प्रदेश में निवास स्थान के जिलाधिकारी/सक्षम अधिकारी द्वारा जारी किया गया होना चाहिए। न्याय एवं कार्मिक विभाग द्वारा दिये गये परामर्शानुसार "स्वतंत्रता संग्राम सेनानी के आश्रित हेतु केवल यह पर्याप्त होगा कि वह व्यक्ति स्वतंत्रता संग्राम सेनानी का पुत्र/पुत्री, पुत्र का पुत्र, पुत्र की अविवाहित पुत्री हो। आश्रित को स्वतंत्रता संग्राम सेनानी पर आर्थिक रूपसे आश्रित होना आवश्यक नहीं होगा। स्वतंत्रता संग्राम सेनानी के पुत्र/पुत्री द्वारा अपने दावे के सर्मथन में निर्धारित प्रारूप के **प्रमाण–पत्र–6** पर ही प्रस्तुत करना होगा । भूतपूर्व सैनिक (युद्ध में अंपग/सेवानिवृत्त/शहीद) के पुत्र/पुत्रियों को अपने दावे के समर्थन में निर्धारित प्रारूप के **प्रमाण–पत्र–7** पर सक्षम अधिकारी द्वारा जारी प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना होगा। तथा 'बी' ग्रेडिंग सहित 'सी' सर्टिफिकेटधारी एन.सी.सी. कैंडेट को आरक्षण का लाभ प्राप्त करने हेतु निर्धारित प्रारूप के **प्रमाण–पत्र–8** पर ही प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना होगा।

<u>टिप्पणी</u>– **यदि मद संख्या 10 में दी गयी सूचियों में वर्णित जातियों के अतिरिक्त कोई और जाति भी अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति एवं अन्य पिछड़े वर्ग के अर्न्तगत शासन द्वारा मान्यता प्राप्त है परन्तु इन सूचियों में नहीं दर्शायी गयी है तो उसे भी आरक्षण का लाभ अनुमन्य होगा।**

5. प्रवेश पत्र (Admit Card)

(क) प्रवेश पत्र सरकारी डाक से अभ्यर्थी द्वारा लिखित पते पर भेजा जायेगा। यथा संभव प्रयास किया जायेगा कि प्रथम वरीयता नगर में ही उसे केन्द्र आवंटित किया जाये। परन्तु परीक्षक संस्था प्रथम एवं द्वितीय वरीयता नगर के अतिरिक्त किसी भी नगर में केन्द्र आवन्टित कर सकती है एवं उसका निर्णय अंतिम होगा। अभ्यर्थी वेबसाइट पर अपना अनुक्रमांक और परीक्षा केन्द्र ज्ञात कर सकता है।

(ख) ऐसे किसी अभ्यर्थी को जिसे सी.पी.एम.टी.–2010 के लिए अर्ह पाया गया हो और जो किसी भी कारणवश परीक्षा में सम्मिलित न हो पाया हो, **परीक्षा शुल्क न तो वापस किया जायेगा और न ही अगले वर्षों के सी.पी.एम.टी. के लिए समायोजित किया जायेगा।**

(ग) अभ्यर्थी को केवल नियत केन्द्र पर ही सी.पी.एम.टी.–2010 में सम्मिलित होने की अनुमति दी जायेगी। एक बार आवंटित किये गये **परीक्षा केन्द्र को बदलने हेतु कोई आवेदन स्वीकार नहीं किया जायेगा।**

(घ) यदि 12 मई, 2010 तक प्रवेश पत्र प्राप्त न हो तो डुप्लीकेट प्रवेश पत्र हेतु वेवसाइट से अपना रोल नम्बर डाउनलोड कर, आवेदित–पत्र के साथ दिये फोटोग्राफ जिस निगेटिव से बने हों उसी से बना हुआ एक फोटोग्राफ सहित 13 मई से 19 मई, 2010 तक छत्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय, कानपुर से प्राप्त कर सकते हैं, इसके लिए आवेदन पत्र की फोटो कापी एवं प्रेषण प्रमाण भी लाना आवश्यक होगा। **डुप्लीकेट प्रवेश पत्र हेतु 100/– रुपये अलग से जमा करने होंगे तथा अभ्यर्थी को स्वयं उपस्थित होना अनिवार्य होगा ।**

(ङ) यदि भूल से किसी ऐसे अभ्यर्थी को सी.पी.एम.टी.–2010 में बैठने की अनुमति दे दी जाती है जिसे परीक्षा में बैठने का अधिकार न हो, चाहे उस अभ्यर्थी को प्रवेश–पत्र दे दिया गया हो, और उस प्रवेश–पत्र को सी.पी.एम.टी.–2010 परीक्षा केन्द्र के अधीक्षक को प्रस्तुत कर दिया गया हो, तो भी चेयरमैन, सी.पी.एम.टी.–2010 को अधिकार है कि वह परीक्षा में बैठने की इस अनुमति को निरस्त कर सकता है।

6. अनुचित साधन (Unfair Means)

- सी.पी.एम.टी.–2010 में अनुचित साधनों का प्रयोग करने पर चाहे उनका परिचयन परीक्षा के समय हुआ हो अथवा मूल्यांकन के समय अथवा किसी अन्य स्थिति में, अभ्यर्थी की परीक्षा को निरस्त कर दिया जायेगा।
- परीक्षा स्थान पर कैलकुलेटर, डिजिटल डायरी, लैपटाप, लागटेबल, पेजर या सेल्यूलर फोन लेकर जाना या प्रयोग करना या अन्य किसी जुगाड़/तिकड़म का प्रयोग करना अनुचित साधनों (Unfair Means) का प्रयोग करना माना जायेगा।

7. चयन एवं काउंसिलिंग (Selection and Counseling)

7.1 मेरिट सूची

सभी पाठ्यक्रमों में पाठ्यक्रम एवं कालेज का आवंटन मेरिट के आधार पर काउंसिलिंग के माध्यम से किया जायेगा। मेरिट सूची में अभ्यर्थी का मेरिट क्रम जूलोजी, केमिस्ट्री, फिजिक्स तथा बॉटनी के प्रश्नपत्रों में उसके प्राप्तांकों के योग के आधार पर होगा। यदि एक से अधिक अभ्यर्थियों के उक्त चारों विषयों के प्राप्तांकों का योग समान होता है, तो पारस्परिक मेरिट प्रथमतः जूलोजी प्रश्न पत्र के प्राप्तांकों के मेरिट के क्रम में किया जायेगा। जूलोजी के अंक भी समान हों तो केमिस्ट्री, तथा उसके बाद फिजिक्स में प्राप्त अंकों के क्रम में मेरिट निर्धारित की जायेगी। यदि उक्त सभी विकल्पों के बावजूद मेरिट निर्धारित नहीं हो पाती, तो सम्बन्धित अभ्यर्थियों का मेरिट क्रम कुलपति छत्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय, कल्यानपुर, कानपुर द्वारा नामित अधिकारी के समक्ष लाटरी/टॉस के आधार पर निर्धारित किया जायेगा।

7.2 परीक्षाफल/मेरिट सूची की घोषणा

(क) सी.पी.एम.टी.–2010 के परीक्षाफल/मेरिट सूची/प्राप्तांकों की घोषणा प्रदेश के मुख्य समाचार पत्रों के सभी संस्करणों में प्रकाशित की जायेगी। यह सूचनायें छत्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय, कल्यानपुर, कानपुर–208024 उ.प्र. की वेब साइटः www.kanpuruniversity.orgतथा महानिदेशक, चिकित्सा शिक्षा उत्तर प्रदेश की वेब साइट www.upcpmt.nic.in में भी प्रकाशित होगी। अगर परीक्षाफल घोषित करने में कोई त्रुटि होती है तो आवश्यक संशोधन भी समाचार पत्रों तथा विश्वविद्यालय एवं महानिदेशालय की वेबसाइट में प्रकाशित कराया जायेगा (इसके अलावा अगर कोई अन्य समाचार पत्र परीक्षाफल अपने आप अनाधिकृत रूप से प्रकाशित करता है एवं उसमें गलतियां पायी जाती हैं और इसका संशोधन प्रकाशित नहीं करता है तो इसके लिए चेयरमैन, सी.पी.एम.टी. –2010, उत्तर प्रदेश शासन अथवा चेयरमैन काउंसिलिंग बोर्ड किसी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होंगे व उसके आधार पर अभ्यर्थी किसी प्रकार का लाभ प्राप्त करने का अधिकारी नहीं होगा)।

(ख) सी.पी.एम.टी.–2010 के परीक्षाफल/मेरिट सूची के प्रकाशित होने के पश्चात् अंकतालिकायें अभ्यर्थियों को डाक (यू.पी.सी.) द्वारा भेजी जायेंगी । यदि किसी अभ्यर्थी को उसकी अंकतालिका दो मास के अन्दर नहीं मिलती है तो वह चेयरमैन, सी.पी.एम.टी. –2010 से अपनी अंक तालिका की एक अनुलिपि **चेयरमैन, सी. पी.एम.टी.–2010 के नाम 100/–रुपये का बैंक ड्राफ्ट जो कानपुर में देय हो,** भेजकर प्राप्त कर सकता है। परन्तु किसी भी परिस्थिति में परीक्षाफल/मेरिट प्रकाशन के चार माह पश्चात् अंकतालिकाएं नहीं दी जायेंगी।

(ग) स्क्रूटिनी (पुनरीक्षण) का प्रावधान : अभ्यर्थी प्राप्त अंकों का आंकलन स्वयं O.M.R. answer sheet की कार्बन प्रतिलिपि के उत्तरों को Solution Key से मिलाकर कर सकता है। परन्तु यदि उसे प्रतीत होता है कि कोई त्रुटि हो गयी है तो वह **चेयरमैन सी.पी.एम.टी.–2010 को रु. 300/– प्रति प्रश्न पत्र का बैंक ड्राफ्ट जो कानपुर में देय हो,** भेजकर परीक्षाफल घोषित होने के 08 दिन के अन्दर सादे कागज पर आवेदन के साथ स्क्रूटिनी करा सकता है।

7.3 काउंसिलिंग संबंधी सूचना

(क) **प्रथम चक्र** की काउंसिलिंग **13 जुलाई 2010 से 17 जुलाई, 2010** के मध्य होगी। मान्यता प्राप्त कॉलेजों के एम.बी.बी.एस., बी.डी.एस., बी.एच.एम.एस., बी.ए.एम.एस. तथा बी.यू.एम.एस. पाठ्यक्रमों हेतु काउंसिलिंग की जायेगी तथा काउंसिलिंग संबंधी तिथियां समय तथा स्थान व अन्य विवरण परीक्षाफल के साथ यथासंभव प्रकाशित किया जायेगा। काउंसिलिंग का कार्य महानिदेशक, चिकित्सा शिक्षा एवं प्रशिक्षण, उत्तर प्रदेश द्वारा किया जायेगा तथा सम्बन्धित सूचना महानिदेशक चिकित्सा शिक्षा एवं प्रशिक्षण उ.प्र. द्वारा प्रदेश के मुख्य समाचार पत्रों तथा वेब साइट में प्रकाशित की जायेगी।

(ख) **द्वितीय चक्र** की काउंसिलिंग **25 से 28 अगस्त 2010** के मध्य आयोजित की जायेगी जिसका विस्तृत विवरण महानिदेशक, चिकित्सा शिक्षा एवं प्रशिक्षण, उत्तर प्रदेश द्वारा समाचार पत्रों एवं वेब साइट में प्रकाशित कराया जायेगा। अभ्यर्थियों को इस हेतु अलग से कोई सूचना नहीं भेजी जायेगी। द्वितीय चक्र की काउंसिलिंग में प्रथम चक्र से आंवटन प्राप्त अभ्यर्थी भी पुनरावंटन हेतु भाग ले सकेंगे। द्वितीय चक्र में प्राविजनल आवंटन के पश्चात रिक्त उप श्रेणी की सीटों को अन्तिम आवंटन करने से पूर्व उनकी मूल श्रेणी में समायोजित कर आवंटन कर दिया जायेगा। इसी प्रकार अनुसूचित जनजाति की रिक्त सीटों का आवंटन अन्तिम करने से पूर्व अनुसूचित जाति की सीटों में सम्मिलित कर अन्तिम आवंटन कर दिया जायेगा। इसी प्रकार यदि अन्तिम आवंटन से पूर्व यह पाया जाता है कि अनुसूचित जाति/अन्य पिछड़ा वर्ग के सभी अर्ह अभ्यर्थियों को आमंत्रित करने के पश्चात भी इन श्रेणियों की सीटें रिक्त रह गयी है, तो उन्हें भी सामान्य सीटों में जोड़कर आवंटित कर दिया जायेगा।

(ग) **काउन्सिलिंग आनलाइन की जायेगी।** वर्ष 2009 की आनलाइन काउंसिलिंग संबंधी विवरण एवं प्रक्रिया वेबसाइट, www.upcpmt.nic.in पर उपलब्ध है। वर्ष 2010 के संबंध में आवश्यक संशोधन काउंसिलिंग से पूर्व समावेशित कर दिये जायेंगे।

7.4 काउंसिलिंग

(क) मेरिट सूची में आये अभ्यर्थियों को स्वयं **सी.पी.एम.टी.–2010** के **प्रवेश–पत्र** तथा निम्नवत् प्रलेखों, मूल एवं एक–एक छायाप्रति (स्वतः प्रमाणित), सहित काउंसिलिंग हेतु नियत स्थान तथा समय पर उपस्थित होना होगा।

1. मद संख्या 3 में वर्णित अर्ह परीक्षा उत्तीर्ण होने का मूल प्रमाण–पत्र तथा/अथवा अंकतालिका (इण्टरमीडियट/इण्टरमीडियट एवं बी.एस–सी.)।
2. आवेदित–पत्र के साथ दिये फोटोग्राफ जिस निगेटिव से बने हों, उसी से बने हुये 2 फोटोग्राफ।
3. श्रेणी प्रमाण–पत्र (अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/अन्य पिछड़ा वर्ग) मूल रूप में (Original)।
4. हाईस्कूल या समकक्ष परीक्षा में उत्तीर्ण होने का मूल प्रमाण–पत्र।
5. यदि बी.यू.एम.एस. पाठ्यक्रम में प्रवेश के इच्छुक हों तो दसवीं कक्षा के समकक्ष उर्दू विषय की परीक्षा में उत्तीर्ण होने का मूल प्रमाण–पत्र।
6. उत्तर प्रदेश के मूल निवासी होने का उपयुक्त मूल प्रमाण–पत्र।

(ख) काउंसिलिंग नियत दिन के अंत तक पूर्ण न होने पर अगले दिन भी जारी रह सकती है। अभ्यर्थी को आने जाने, अपने रहने, खाने पीने की व्यवस्था स्वयं करनी होगी।

(ग) पाठ्यक्रमों की सूची मद संख्या 1 (क) में दी गयी है। कॉलेजों की सूची मद संख्या 8 में दी गई है जिसमें काउंसिलिंग के समय परिवर्तन हो सकता है।

(घ) अभ्यर्थियों को मेरिट सूची में उनके **स्टेट रैंक (Combined General Rank)** के अनुसार बुलाया जायेगा और पाठ्यक्रमों/कॉलेजों का आवंटन अभ्यर्थियों द्वारा दिये गए वरीयता क्रम एवं उस समय उपलब्ध रिक्त सीटों के आधार पर किया जायेगा। आरक्षित श्रेणियों की काउन्सिलिंग अलग से नहीं होगी। आरक्षित श्रेणी के अभ्यर्थी अपने स्टेट रैंक के अनुसार उपस्थित होंगे तथा उन्हें सामान्य सीट अथवा आरक्षित सीट में से उपलब्ध विकल्प चुनना होगा।

हॉरिजॉन्टल श्रेणी (FF–स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के आश्रित, ES–भूतपूर्व सैनिक (युद्ध में अपंग/सेवा निवृत्त/शहीद) के पुत्र/पुत्री, PH– विकलांग, WC–महिला, NC-एन.सी.सी. प्रमाण पत्र धारक), के अभ्यर्थियों को भी स्टेट रैंक के अनुसार ही काउन्सिलिंग में भाग लेना होगा। अलग से उपश्रेणियों की काउंसिलिंग नहीं होगी। जो अभ्यर्थी इन उपश्रेणियों में आवेदन करेंगे उन्हें ही उपश्रेणियों में समायोजित किया जायेगा।

(ड.) अभ्यर्थियों को काउंसिलिंग के समय 300/– रुपये काउंसिलिंग शुल्क उत्तर प्रदेश में **एक्सिस बैंक** की किसी भी शाखा में नकद धनराशि के रूप में **''महानिदेशक चिकित्सा शिक्षा एवं प्रशिक्षण''** के खाता संख्या **053010100400732** में जमा करना होगा । बैंक द्वारा उन्हें दो प्रतियों में रसीद उपलब्ध करायी जायेगी, जिसमें एक प्रति अभ्यर्थी की प्रति होगी तथा दूसरी प्रति महानिदेशक (डी.जी.एम.ई. कॉपी) होगी, जिसे काउंसिलिंग केन्द्र पर जमा कर अभ्यर्थी काउंसिलिंग में भाग ले सकेंगे ।

(च) काउंसिलिंग के समय सभी अभ्यर्थियों को धरोहर धनराशि 5,000/– रुपये उत्तर प्रदेश में **एक्सिस बैंक** की किसी भी शाखा में नकद धनराशि के रूप में **''महानिदेशक चिकित्सा शिक्षा एवं प्रशिक्षण''** के खाता संख्या **053010100400732** में जमा करना होगा। बैंक द्वारा उन्हें दो प्रतियों में रसीद उपलब्ध करायी जायेगी, जिसमें एक प्रति अभ्यर्थी की प्रति होगी तथा दूसरी प्रति महानिदेशक (डी.जी.एम.ई. कॉपी) होगी, जिसे काउंसिलिंग केन्द्र पर जमा कर अभ्यर्थी काउंसिलिंग में भाग ले सकेंगे । यह धरोहर धनराशि रु. 5000/– अभ्यर्थी द्वारा आवंटित कॉलेज में प्रवेश लेने के उपरान्त प्रवेश का पुष्ट प्रमाण प्रस्तुत करने पर संबधित काउंसिलिंग केन्द्र से दिनांक–01.10.2010 से 30.12.2010 तक वापस ली जा सकेगी। इस संबंध में विस्तृत दिशा निर्देश अलग से भी प्रसारित होंगे।

(छ) यदि कोई अभ्यर्थी स्वयं काउंसिलिंग के निर्धारित दिन व समय में उपस्थित नहीं होता है तो वो केवल उसी काउंसिलिंग में आवंटन से वंचित होगा और अगली काउंसिलिंग में भाग लेने के लिए अर्ह रहेगा। उसी दिन परन्तु विलम्ब से आने पर तत्समय उपलब्ध सीटों में से ही आवंटन प्राप्त करने का अधिकार होगा। **आवंटन हेतु अभ्यर्थी का स्वयं उपस्थित होना अनिवार्य है।**

(ज) यदि कोई अभ्यर्थी आवंटन के पश्चात पाठ्यक्रम में प्रवेश नहीं लेता है तो उसे उसके द्वारा जमा की गयी धरोहर धनराशि (5000/–) वापस नहीं की जायेगी।

8. कॉलेजों की सूची/पाठ्यक्रम एवं सीट संख्या (**List of Colleges, Courses and Available Seats**)

		पाठ्यक्रम/कॉलेज वार सीटों की कुल संख्या
(क)	**एम.बी.बी.एस. पाठ्यक्रम**	
(i)	छत्रपति शाहूजी महाराज चिकित्सा विश्वविद्यालय, उ.प्र., लखनऊ	155
(ii)	राजकीय मेडिकल कॉलेज	
	जी.एस.वी.एम. मेडिकल कॉलेज, कानपुर	159
	एस.एन. मेडिकल कॉलेज, आगरा	107
	एम.एल.एन. मेडिकल कॉलेज, इलाहाबाद	82
	एल.एल.आर.एम. मेडिकल कॉलेज, मेरठ	82
	एम.एल.बी. मेडिकल कॉलेज, झांसी	40
	बी.आर.डी. मेडिकल कॉलेज, गोरखपुर	40
	उ.प्र. आयुर्विज्ञान अनुसंधान संस्थान, सैफई, इटावा'	85
	योग : ऐलोपैथिक	**750**
	*भारत सरकार से अनुमोदन प्राप्त होने पर ही प्रवेश अनुमन्य होगा।	
(ख)	**बी.डी.एस. पाठ्यक्रम**	
	छत्रपति शाहूजी महाराज चिकित्सा विश्वविद्यालय, उ.प्र., लखनऊ (दंत विज्ञान संकाय)	51
	योग : बी.डी.एस.	**51**
(ग)	**बी.एच.एम.एस. पाठ्यक्रम**	
	नेशनल होम्योपैथिक मेडिकल कॉलेज, लखनऊ	50
	लालबहादुर शास्त्री होम्योपैथिक मेडिकल कॉलेज, इलाहाबाद	50
	कानपुर होम्योपैथिक मेडिकल कॉलेज, कानपुर	50
	डॉ. बृजकिशोर होम्योपैथिक मेडिकल कॉलेज, फैजाबाद	30
	श्री दुर्गाजी होम्योपथिक मेडिकल कॉलेज, चण्डेश्वर, आजमगढ़	30
	गाजीपुर होम्योपैथिक मेडिकल कॉलेज, गाजीपुर	50
	केदारनाथ गिरधारी लाल खत्री होम्योपैथिक मेडिकल कॉलेज, मुरादाबाद	40
	योग : बी.एच.एम.एस.	**300**
(घ)	**बी.ए.एम.एस. पाठ्यक्रम**	
	राजकीय आयुर्वेदिक कॉलेज, लखनऊ	50
	ललितहरि आयुर्वेदिक कॉलेज, पीलीभीत	50
	आयुर्वेदिक कॉलेज, अतर्रा (बांदा)	40
	बुन्देलखण्ड आयुर्वेदिक कॉलेज, झांसी	40
	शाहू रामनारायण मुरली मनोहर आयुर्वेदिक कॉलेज, बरेली	40
	स्वामी कल्याण देव राजकीय आयुर्वेदिक कॉलेज, रामपुर, मुजफ्फरनगर	30
	लालबहादुर शास्त्री आयुर्वेदिक कॉलेज, हंडिया, इलाहाबाद	30
	राजकीय आयुर्वेदिक कॉलेज, वाराणसी	40
	योग : बी.ए.एम.एस.	**320**
(ङ.)	**बी.यू.एम.एस. पाठ्यक्रम**	
	यूनानी मेडिकल कॉलेज, इलाहाबाद	40
	तकमिल–उत्तिब कॉलेज, लखनऊ	40
	योग : बी.ए.एम.एस.	**80**

निजी क्षेत्र के मेडिकल एवं डेंटल कालेजों की अद्यतन स्थिति

निजी क्षेत्र के मेडिकल/डेंटल कालेजों की सीटों पर राज्य सरकार के अधिनियम उ.प्र. निजी व्यावसायिक शैक्षणिक संस्था (प्रवेश का विनियमन और फीस का नियतन) अधिनियम–2006 पर माननीय उच्च न्यायालय द्वारा पारित स्थगन आदेश दिनांक 04.01.2007 लागू है। यह आदेश याचिका सं. 34 (एम./बी.) 2007 एसोसिएशन ऑफ प्राइवेट मेडिकल एण्ड डेण्टल कालेजेज ऑफ उ.प्र. राज्य व अन्य में पारित है। अतः जो भारत सरकार से अनुमति प्राप्त/मान्यता प्राप्त कालेज स्वेच्छा से सी.पी.एम.टी. परीक्षा से छात्र/छात्रा लेना चाहेगें उन्हें ही छात्र–छात्रा आवंटित किये जायेंगे। इस संबंध में शासन/ मा. न्यायालय के जो भी आदेश काउंसिलिंग के समय लागू होंगे उसके अनुसार कार्यवाही की जायेगी।

9. प्रवेश परीक्षा पाठ्यक्रम – 2010 (Syllabus for Entrance Examination – 2010)

रसायन विज्ञान

खण्ड–अ : सामान्य रसायन

1- इलेक्ट्रोन, प्रोट्रोन, न्यूट्रोन की खोज तथा गुण। नाभिक की बंधन ऊर्जा के प्रारंभिक विचार। इलेक्ट्रोन विन्यास, इलेक्ट्रोन शेल, सबशेल, क्वांटम संख्या, पाउली का अपवर्जन नियम।

2- विद्युत संयोजी, सहसंयोजी (कौसल सिद्धांत सहित) तथा उपसंयोजी बंधों और यौगिकों की इलेक्ट्रोनिक संरचनाओं का विस्तृत अध्ययन।

3- रेडियोऐक्टिवता, प्राकृतिक और कृत्रिम विघटन, अर्द्ध आयु विखंडन तथा संचयन, समस्थानिक एवं समभारिक, रेडियोऐक्टिव समस्थानिक तथा उनके उपयोग।

4- इलेक्ट्रोड विभव तथा विद्युत–रासायनिक श्रेणी।

5- ऑक्सीकरण तथा अपचयन अभिक्रियाएं, ऑक्सीजन संख्या, समीकरणों की ऑक्सीकरण संख्या और आयन इलेक्ट्रॉन विधि द्वारा संतुलित करना।

6- गैसीय नियम, गैस समीकरण, डाल्टन के आंशिक दबाव का नियम, ग्रेहम्स के विसरण नियम पर आधारित सरल गणनाएं।

7- आयतनात्मक विश्लेषण और गुणात्मक विश्लेषण।

खण्ड–ब : अकार्बनिक रसायन

1- मैंडलीफ की आवर्त सारणी का विस्तृत अध्ययन (ऐतिहासिक रूपरेखा छोड़कर), परमाणु संरचना के आधार पर तत्वों की आवर्त सारिणी में स्थिति/प्रवर्धित आवर्त सारिणी। तत्वों का आवर्ती गुण (परमाणु त्रिज्या, आयनन विभव, इलेक्ट्रोन बंधुता की केवल परिभाषाएं)।

2- हाइड्रोजन और उसके यौगिक–आवर्त सारणी में हाइड्रोजन का स्थान, हाइड्रोजन के समस्थानिक, ड्यूटिरियम, भारी जल, हाइड्रोजन परॉक्साइड बनाने की प्रयोगशाला विधि H_2O_2 की औद्योगिक निर्माण की रूपरेखा, गुणधर्म, उपयोग, संरचना।

3- प्रथम वर्ग (क्षारीय धातु) के तत्वों का अध्ययन–इलेक्ट्रॉनिक विन्यास के आधार पर Na, K का आवर्त सारणी में स्थान, Na_2CO_3, NaOH, $NaNH_4$, (HPO_4) H_2O माइक्रोकॉस्मिक लवण की प्रयोगशाला विधि, औद्योगिक निर्माण की रूपरेखा, गुण धर्म, उपयोग।

4- द्वितीय वर्ग (क्षारीय मृतिका) के तत्वों का अध्ययन–इलेक्ट्रॉनिक विन्यास के आधार पर Mg, Ca, Sr, Ba का आवर्त सारणी में स्थान, प्लास्टर ऑफ पेरिस $(CaSO_4)_2$ H_2O के निर्माण की विधि, गुणधर्म और उपयोग, सीमेन्ट के औद्योगिक निर्माण की रूपरेखा, उपयोग।

5- तृतीय वर्ग के तत्वों का अध्ययन–ऐल्युमिनियम का गुण धर्म, उपयोग धातुकर्म, निर्जल ऐल्युमिनियम क्लोराइड, फिटकरी निर्माण की विधि, गुणधर्म, उपयोग।

6- चतुर्थ वर्ग के तत्वों का अध्ययन–इलेक्ट्रानिक विन्यास के आधार

Chemistry

Section-A : General Chemistry

1. Discovery and Properties of electron, proton, neutron. Elementary ideas of Binding Energy of Nucleus, Electronic configuration, electronic shells, subshells, Quantum number, Pauli's exclusion principle.
2. Detailed study of Electrovalent, covalent (including Kossels theory) and coordinate valence bonds and Electronic structure of compounds.
3. Radioactivity, Natural and Artificial disintegration, half life, fission and fusion, isotopes and isobars, radioactive isotopes and their uses.
4. Electrode potential and electrochemical series.
5. Oxidation and reduction reactions, oxidation number, balancing of equations by oxidation number and electron method.
6. Laws of gases, gas equation, Dalton Law of partial pressure, Simple numericals based on Graham's Law of diffusion.
7. Volumetric analysis and qualitative analysis.

